1/18

**मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर के प्रबन्ध बोर्ड की दिनांक 02 मार्च, 2020 को पूर्वान्ह 11.30 बजे विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयन्ती सभागार में सम्पन्न हुयी बैठक 2020/02 (संख्या छब्बीसवीं) की कार्यवृत्त।**

बैठक में उपस्थिति निम्नवत रहीः-

1. प्रो0 श्री निवास सिंह, - अध्यक्ष
   कुलपति,
   मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर

2. प्रो0 राम अचल सिंह, - सदस्य
   पूर्व कुलपति, राम मनोहर लोहिया अवध विश्ववविद्यालय,
   अयोध्या (राज्य सरकार नामिती)

3. प्रो0 राम लखन सिंह, - सदस्य
   आचार्य, जीव रसायन विज्ञान विभाग,
   राम मनोहर लोहिया अवध विश्ववविद्यालय,
   अयोध्या (राज्य सरकार नामिती)

4. प्रो0 जय प्रकाश लाल, - सदस्य
   विशिष्ट प्रोफेसर (आजीवन) कृषि विज्ञान संस्थान
   बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी
   (राज्य सरकार नामिती)

5. प्रो0 डी0के0 सिंह, - सदस्य
   आचार्य, यांत्रिक अभियंत्रण विभाग,
   म0मो0मा0 प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
   गोरखपुर (राज्य सरकार नामिती)

6. प्रो0 एस0के0 श्रीवास्तव, - सदस्य
   आचार्य, यांत्रिक अभियंत्रण विभाग,
   म0मो0मा0 प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
   गोरखपुर (राज्य सरकार नामिती)

7. प्रो0 डी0के0 द्विवेदी, - सदस्य
   अधिष्ठाता, शैक्षणिक मामले
   म0मो0मा0 प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
   गोरखपुर (राज्य सरकार नामिती)

8. ई0 एस0के0 अग्रवाल, - सदस्य
   प्रबन्ध निदेशक,



02/03/2020

2/8

मेसर्स एस0के0 केमिकल्स, गोरखपुर
(राज्य सरकार नामिती)

9. डा0 अश्विनी कुमार मिश्र, - सदस्य
क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, गोरखपुर
प्रतिनिधि प्रमुख सचिव,
उच्च शिक्षा विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ

10. श्री के0पी0 सिंह - सदस्य
संयुक्त सचिव, प्राविधिक शिक्षाा विभाग
प्रतिनिधि प्रमुख सचिव,
प्राविधिक शिक्षा विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ

11. प्रो0 के0जी0 उपाध्याय, - विशेष आमंत्री
अधिष्ठाता, अल्युमनाई एवं बाह्य मामले
म0मो0मा0 प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर

12. प्रो0 राकेश कुमार, - विशेष आमंत्री
अधिष्ठाता, छात्र मामले,
म0मो0मा0 प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर

13. प्रो0 गोविन्द पाण्डेय - विशेष आमंत्री
अधिष्ठाता, अवस्थापना एवं नियोजन,
म0मो0मा0 प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर

14. प्रो0 एस0के0 सोनी, - विशेष आमंत्री
अधिष्ठाता, शोध एवं परामर्श,
म0मो0मा0 प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर

15. श्री अमर सिंह, - विशेष आमंत्री
वित्त नियंत्रक
म0मो0मा0 प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर

16. प्रो0 जीऊत सिंह, - सचिव
कुलसचिव
म0मो0मा0 प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर

प्रबन्ध बोर्ड के माननीय सदस्य प्रमुख सचिव, वित्त विभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा नामित सदस्य किन्हीं कारणों से बैठक में प्रतिभाग नहीं किया जा सका।



02/03/2020

3/18

**2020/02.01 अध्यक्ष, प्रबन्ध बोर्ड, मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर के प्रारम्भिक अभियुक्ति को अंकित किया जाना।**

1. विश्वविद्यालय के यांत्रिक अभियंत्रण विभाग के पाठ्यक्रमों का नेशनल बोर्ड आफ एक्रीडिटेशन, नई दिल्ली द्वारा तीन वर्ष के लिये एक्रीडिटेशन किया गया।

2. विश्वविद्यालय द्वारा संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों मे प्रवेश लिये जाने हेतु मावलीय प्रवेश परीक्षा–2020 (MET - 2020) की कार्यवाही प्रारम्भ करा दी गयी है, जिसके अन्तर्गत अभ्यर्थियों द्वारा आनलाइन आवेदन किये जा रहे हैं।

3. विश्वविद्यालय के प्रोफेसर ट्रेनिगं एण्ड प्लेसमेंट पद पर चयनित अभ्यर्थी प्रो0 विजय कुमार द्विवेदी तथा पुस्तकालयाध्यक्ष पद पर चयनित अभ्यर्थी श्री देवेन्द्र मणि पाण्डेय को कार्यभार ग्रहण कराया गया।

4. विश्वविद्यालय के प्रबन्ध बोर्ड के अनुमोदनोपरान्त विभिन्न विभागों के अर्ह शिक्षकों को कैरियर एडवांसमेंट योजना के अन्तर्गत ए0जी0पी0, वेतनमान एवं पदनाम लाभ का अनुमन्य कराया गया।

5. विश्वविद्यालय में प्रारम्भ हो रहे बी0फार्मेसी पाठ्यक्रम हेतु फार्मेसी काउन्सिल आफ इण्डिया की टीम द्वारा दिनांक 22–23 जनवरी, 2020 को विश्वविद्यालय का विजिट किया गया।

6. गणतन्त्र दिवस के अवसर पर दिनांक 26 जनवरी, 2020 विश्वविद्यालय में कार्यरत तृतीय श्रेणी एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों में से उत्कृष्ट तीन कर्मचारियों को मालवीय उत्कृष्ट सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया।

7. विश्वविद्यालय के परीक्षा समिति की ग्यारहवीं बैठक दिनांक 27 जनवरी, 2020 को विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयन्ती सभागार में आयोजित करायी गयी।

8. विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता सुनश्चयन प्रकोष्ठ (IQAC) के पंचम बैठक का आयोजन दिनांक 7 फरवरी, 2020 को विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयन्ती सभागार में आयोजित करायी गयी।

9. विश्वविद्यालय के छात्र क्रिया कलाप परिषद द्वारा दिनांक 9-10 फरवरी, 2020 को विश्वविद्यालय का 57वॉं वार्षिक क्रीडा समारोह "आयास-2020" का आयोजन कराया गया।

10. विश्वविद्यालय सभा (Court) की संस्तुति व प्रबन्ध बोर्ड के अनुमोदनोपरान्त पुनर्गठित अधिष्ठाताओं एवं सह अधिष्ठाताओं को नियुक्ति पत्र जारी कर कार्यभार ग्रहण कराया गया।

02/03/2020

11. विश्वविद्यालय के गणित एवं कम्प्यूटिंग एवं विज्ञान विभाग, मानविकी एवं प्रबन्ध विज्ञान विभाग, जनपदीय अभियंत्रण विभाग एवं विद्युतकण एवं संचार अभियंत्रण विभाग के विभागाध्यक्ष पद पर नये विभागाध्यक्षों की नियुक्ति की गयी ।

12. नेशनल इंस्टीच्यूट आफ सोलर इनर्जी, गुरुग्राम एवं मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर के मध्य दिनांक 14.2.2020 को एक समझौता करार किया गया।

13. विश्वविद्यालय के विद्युतकण एवं संचार अभियंत्रण विभाग तथा विद्युत अभियंत्रण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 14-15 फरवरी, 2020 को अन्तर्राष्ट्रीय कान्फ्रेंस का आयोजन करवाया गया।

14. विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयन्ती सभागार में दिनांक 15 फरवरी, 2020 को IEEE India Council की बैठक आयोजित करायी जानी प्रस्तावित है।

15. प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी, श्री योगी आदित्य नाथ द्वारा दिनांक 20 फरवरी, 2020 को विश्वविद्यालय में पधार कर विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण/ शिलान्यास एवं नवनिर्मित स्टेडियम का नामकरण किया गया।

16. विश्वविद्यालय में दिनांक 22-24 फरवरी, 2020 को चतुर्थ मालवीया रिसर्च कान्क्लेव-2020 का आयोजन कराया गया, जिसमें देश के विभिन्न आई0आई0टी एवं एन0आई0टी0 के विशेषज्ञों ने अपने व्याख्यान प्रस्तुत किये।

17. विश्वविद्यालय में दिनांक 29 फरवरी, 2020 से दिनांक 02 मार्च, 2020 तक अभ्युदय-2020 (वार्षिक कला, साहित्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम) का आयोजन कराया गया।

**2020/02.02** **विश्वविद्यालय की प्रबन्ध बोर्ड की दिनांक 07.01.2020 को सम्पन्न हुयी 2020/01 बैठक संख्या पच्चीसवीं के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण।**

प्रबन्ध बोर्ड द्वारा दिनांक 7 जनवरी, 2020 को सम्पन्न हुयी 2020/01 बैठक (संख्या पच्चीसवीं) के कार्यवृत्त की आंशिक संशोधन के साथ पुष्टि की गयी। प्राध्यापक के स्थान पर आचार्य समझा जाय।

**2020/02.03** **विश्वविद्यालय के प्रबन्ध बोर्ड की दिनांक 07.01.2020 को सम्पन्न हुयी 2020/01 बैठक संख्या पच्चीसवीं में लिए गए निर्णयों को क्रियान्वित किए जाने का विवरण।**

प्रबन्ध बोर्ड द्वारा विश्वविद्यालय प्रबन्ध बोर्ड की दिनांक 07 जनवरी, 2020 को सम्पन्न हुयी 2020/01 बैठक (संख्या पच्चीसवीं) में लिये गये निर्णयों को क्रियान्वित किये जाने के विवरण से अवगत हुयी।

02/03/2020

**2020/02.04 विश्वविद्यालय के परीक्षा समिति की दिनांक 27.01.2020 को सम्पन्न हुयी ग्यारहवीं बैठक की कार्यवृत्त पर अनुमोदन।**

प्रबन्ध बोर्ड द्वारा विश्वविद्यालय के परीक्षा समिति की दिनांक 27.01.2020 को सम्पन्न हुयी ग्यारहवीं बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**2020/02.05 विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता सुनश्चयन प्रकोष्ठ (IQAC) की दिनांक 07.02.2020 को सम्पन्न हुयी 2020/01 बैठक संख्या पंचम की कार्यवृत्त पर अनुमोदन।**

प्रबन्ध बोर्ड द्वारा विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता सुनश्चयन प्रकोष्ठ (IQAC) की दिनांक 07.02.2020 को सम्पन्न हुयी 2020/01 संख्या पंचम के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**2020/02.06 विश्वविद्यालय के विद्या परिषद की दिनांक 14.02.2020 को सम्पन्न हुयी 2020/01 बैठक संख्या उन्नीसवीं की कार्यवृत्त पर अनुमोदन।**

प्रबन्ध बोर्ड द्वारा विश्वविद्यालय के विद्या परिषद की दिनांक 14.2.2020 को सम्पन्न हुयी 2020/01 बैठक संख्या उन्नीसवीं में लिए गए निर्णय के मुख्य विन्दुओं से माननीय सदस्यों को अवगत कराया गया। प्रबन्ध बोर्ड द्वारा अवगत होने के उपरान्त विद्या परिषद की कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**2020/02.07 विश्वविद्यालय के वित्त समिति की दिनांक 02.03.2020 को सम्पन्न हुयी 2020/02 बैठक संख्या अठ्ठारहवीं के कार्यवृत्त का अनुमोदन।**

प्रबन्ध बोर्ड द्वारा विश्वविद्यालय के वित्त समिति की दिनांक 02 मार्च, 2020 को सम्पन्न हुयी 2020/02 बैठक संख्या अठ्ठारहवीं में लिए गए निर्णय के मुख्य विन्दुओं से माननीय सदस्यों को अवगत कराया गया। प्रबन्ध बोर्ड द्वारा अवगत होने के उपरान्त वित्त समिति की कार्यवृत्त ***(संलग्नक-1)*** पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**2020/02.08 विश्वविद्यालय के प्रोफेसर टेनिंग एण्ड प्लेसमेंट पद पर नियुक्त अभ्यर्थी द्वारा कार्यभार ग्रहण किये जाने की सूचना।**

प्रबन्ध बोर्ड विश्वविद्यालय के प्रोफेसर ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट पद चयनित अभ्यर्थी प्रो0 विजय कुमार द्विवेदी द्वारा दिनांक 8.1.2020 को विश्वविद्यालय के प्रोफेसर ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट पद पर कार्यभार ग्रहण किये जाने की सूचना से अवगत हुयी।

**2020/02.09 विश्वविद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष पद पर नियुक्त अभ्यर्थी द्वारा कार्यभार ग्रहण किये जाने की सूचना।**

प्रबन्ध बोर्ड विश्वविद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष पद पर चयनित अभ्यर्थी श्री



07/03/2020

रीतेश कुमार साहू के कार्यभार ग्रहण न किये जाने की दशा में प्रबन्ध बोर्ड द्वारा अनुमोदित पैनल से प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थी श्री देवेन्द्र मणि पाण्डेय द्वारा दिनांक 17.1.2020 को विश्वविद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष पद पर कार्यभार ग्रहण किये जाने की सूचना से अवगत हुयी।

2020/02.10 **विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के अर्ह शिक्षकों को कैरियर एडवांसमेंट योजना के अन्तर्गत पदनाम एवं वेतनमान दिये जाने हेतु दिनांक 4 एवं 5 जनवरी, 2020 को आयोजित चयन समितियों द्वारा संस्तुत एवं प्रबन्ध बोर्ड द्वारा अनुमोदित शिक्षकों द्वारा कार्यभार ग्रहण किये जाने की सूचना।**

प्रबन्ध बोर्ड विभिन्न विभागों के अर्ह शिक्षकों को उनकी देयता तिथि से कैरियर एडवांसमेंट योजना के अन्तर्गत पदनाम एवं वेतनमान का लाभ अनुमन्य कराये जाने की सूचना से अवगत हुयी।

2020/02.11 **विश्वविद्यालय की प्रशासनिक/शैक्षणिक व्यवस्था को सुचारु रुप से संचालित किये जाने हेतु नियुक्त किये गये परीक्षा नियंत्रक, अध्यक्ष छात्र क्रिया कलाप परिषद, अधिष्ठाताओं, सह अधिष्ठाताओं एवं विभागाध्यक्षों की सूचना।**

प्रबन्ध बोर्ड विश्वविद्यालय की प्रशासनिक एवं शैक्षणिक व्यवस्था को सुव्यवस्थित व सुचारु रुप से संचालित किये जाने हेतु विश्वविद्यालय के शिक्षकों को उनके मूल पद के शिक्षण कार्यों के अतिरिक्त अन्य पदों यथा परीक्षा नियंत्रक, अध्यक्ष छात्र क्रिया कलाप परिषद, अधिष्ठाता, सह अधिष्ठाता एवं विभागाध्यक्ष तथा समन्वयक एवं उप समन्वयक “अभिकल्प, अभिनव एवं उदभव केन्द्र” (Design Innovation and Incubation Centre) पदों पर नियुक्त कर विश्वविद्यालय का कार्य सम्पादित कराये जाने की सूचना से अवगत हुयी।

2020/02.12 **मालवीया प्रवेश परीक्षा-2020 के आयोजनोपरान्त प्रवेश से संबंधित प्रक्रियाओं को पूर्ण किये जाने हेतु काउन्सिलिंग समिति एवं विश्वविद्यालय प्रवेश समिति के गठन की सूचना।**

प्रबन्ध बोर्ड विश्वविद्यालय में प्रवेश से संबंधित समस्त कार्यवाहियों को पूर्ण किये जाने हेतु काउन्सिलिंग समिति एवं विश्वविद्यालय प्रवेश समिति के गठन की सूचना से अवगत हुयी।

2020/02.13 **विश्वविद्यालय में कार्यरत समूह “घ” के एक दैनिक श्रमिक को राज्य सरकार द्वारा जारी शासनादेशों के अनुपालन एवं माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा पारित आदेश के क्रम में विनियमितीकरण किये जाने के प्रस्ताव पर विचार एवं अनुमोदन।**

प्रबन्ध बोर्ड द्वारा शासनादेश सं0 44/2015/वे0आ0-2-795/दस-54(एम)/2008टी0सी0 दिनांक 13.8.2015, संख्या-9/2016/वे0आ0-2-201/दस-2016-8(मु.स.स.)2011टी0सी0 दिनांक 24.2.2016, संख्या 1091/सोलह/3-2017-15(167)



02/03/2020

7/18

2017 दिनांक 18.7.2017 तथा पत्र संख्या 1403/सोलह-1-2019-03(17)/2014 दिनांक 3.5.2019 के अनुपालन एवं माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा पारित आदेश के समादर में विश्वविद्यालय में वर्ष 2001 के पूर्व से कार्यरत समूह "ग" के एक दैनिक श्रमिक श्री अनूप कुमार त्रिपाठी की अर्हता पद के अनुरुप न होने के कारण उनको समूह "घ" के पद पर विनियमित किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया।

**2020/02.14 ई0 सत्य प्रकाश श्रीवास्तव, बंगलोर, कर्नाटक द्वारा एम0टेक0, यांत्रिक अभियंत्रण विभाग के ओवरआल टापर हेतु स्थापित "Late Sri Indrasan Lal Srivastava Gold Medal" दिये जाने हेतु किये गये समझौता करार की सूचना।**

प्रबन्ध बोर्ड द्वारा ई0 सत्य प्रकाश श्रीवास्तव, बंगलोर, कनार्टक द्वारा विश्वविद्यालय के एम0टेक0 यांत्रिक अभियंत्रण विभाग के ओवरआल टापर को प्रत्येक "Late Shri Indrasan Lal Srivastava Gold Medal" दिये जाने हेतु किये गये समझौता करार की सूचना से अवगत हुयी।

**2020/02.15 अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड द्वारा बी0टेक0, जनपदीय अभियंत्रण विभाग टापर हेतु स्थापित "ICI-UltraTech Cement Ltd. – Gold Medal" दिये जाने हेतु किये गये समझौता करार की सूचना।**

प्रबन्ध बोर्ड द्वारा अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड द्वारा विश्वविद्यालय के अन्तिम वर्ष बी0टेक0 जनपदीय अभियंत्रण विभाग के ओवरहाल टापर को प्रत्येक वर्ष **"ICI-UltraTech Cement Ltd. – Gold Medal"** दिये जाने हेतु किये गये समझौता करार की सूचना से अवगत हुयी।

**2020/02.16 मदन मोहन मीलवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर एवं एन0आई0एस0ई0 गुरुग्राम के मध्य किये गये समझौता करार की सूचना।**

प्रबन्ध बोर्ड मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर तथा एनआई0एस0ई0 गुरुग्राम के मध्य विभिन्न शैक्षणिक क्रिया-कलापों के क्रियान्वयन हेतु किये गये समझौता करार (Memorandum of Understanding) की सूचना से अवगत हुयी।

**2020/02.17 अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद की नयी गाइडलाइन के क्रम में बी0टेक0 (लैटरल इण्ट्री) एवं एम0सी0ए0 के पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु संशोधन किये गये जाने के प्रस्ताव पर विचार एवं अनुमोदन।**

प्रबन्ध बोर्ड द्वारा अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, नई दिल्ली द्वारा जारी की गयी निम्नलिखित गाइडलाइन के अनुसार बी0टेक0 (लेटरल इण्ट्री) एवं एम0सी0ए0 पाठ्यक्रमों में प्रवेश कार्यवाही पूर्ण किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया।



02/03/2020

8/18

| Sl. No. | Existing | Proposed for session (2020-21) | AICTE Guidelines |
|---|---|---|---|
| 1. | Current Intake for the B.Tech.-II (Lateral entry): **20% of the sanctioned intake of BTech-I**<br>(without adding the unfilled vacancies of the B.Tech.-I of session 2019-20). | *Proposed Intake for the B.Tech.-II (Lateral entry): **10% of sanctioned intake of B.Tech.-I year**<br>**plus**<br>**the unfilled vacancies of the B.Tech.-I of the session 2019-20.** | *AICTE's recent decision mentioned at **point b** under heading **7.14 Admission to Lateral Entry to Second Year Course(s)** of page 101-102 of Approval Process Handbook 2020-21.<br>(Annexure-1) |
| 2. | Current duration of MCA programme: **Three Years** | #Proposed duration of MCA programme: **Two Years** | #AICTE's recent decision mentioned at **point-x** of **Table 1.4** on page 123 of AICTE's Approval Process Handbook 2020-21.<br>(Annexure-2) |

**2020/02.18 विश्वविद्यालय के 2003 बैच के भूतपूर्व छात्रों द्वारा "2003 Batch-Achievered Scholarship" दिये जाने हेतु किये गये समझौता करार की सूचना।**

प्रबन्ध बोर्ड को अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय के 2003 बैच के भूतपूर्व छात्रों द्वारा विश्वविद्यालय के ऐसे छात्रों, जिनका चयन विदेशी विश्वविद्यालयों, कालेजों अथवा इंस्टीच्यूशन में इन्टर्नशिप के लिये होता है, को **"2003 Batch-Achieverd Scholarship"** दिये जाने हेतु किये गये समझौता करार से अवगत हुयी।

**2020/02.19 विश्वविद्यालय के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के शिक्षक श्री राम दुलार, सह आचार्य के प्रकरण पर शिकायत निवारण समिति की संस्तुतियों पर विचार।**

विश्वविद्यालय के शिक्षक श्री राम दुलार, सह आचार्य, जनपदीय अभियंत्रण विभाग के प्रकरण पर प्रबन्ध बोर्ड द्वारा विचार किया गया तथा यह पाया गया कि श्री रामदुलार के प्रकरण पर विश्वविद्यालय स्तर से कोई जॉच समिति का गठन नहीं किया गया था और उनके विरूद्ध की गयी कार्यवाही का अनुमोदन भी प्रबन्ध बोर्ड से प्राप्त नहीं किया गया है। प्रबन्ध बोर्ड ने प्रबन्ध बोर्ड की शिकायत निवारण समिति की रिपोर्ट का भी अवलोकन किया, जो ***संलग्नक-2*** पर प्रस्तुत है।

उक्त के दृष्टिगत प्रबन्ध बोर्ड द्वारा सम्यक विचारोपरान्त श्री राम दुलार को **Consultancy** कार्य किए जाने की अनुमति इस शर्त के साथ बहाल किए जाने की अनुमोदन प्रदान किया जाता है कि उनके द्वारा भविष्य में विश्वविद्यालय नियमानुसार अनुमति प्राप्त कर ही कन्सल्टेन्सी का कार्य किया जायेगा।



02/03/2020

9/18

साथ ही, प्रबन्ध बोर्ड द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि श्री राम दुलार के रोके गये दो वेतन वृद्धि के प्रकरण पर उचित निर्णय लिये जाने हेतु विश्वविद्यालय स्तर से एक समिति का गठन कर दिया जाय एवं समिति की संस्तुतियों को आगामी प्रबन्ध बोर्ड की बैठक प्रस्तुत किया जाये।

**2020/02.20 मननीय उच्च न्यायालय एवं अन्य न्यायालयों में चल रहे विश्वविद्यालय से संबंधित वादों की अद्यावधिक (Uptodate) स्थिति की सूचना।**

प्रबन्ध बोर्ड विश्वविद्यालय के कतिपय शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं छात्रों द्वारा माननीय उच्च न्यायालय एवं अन्य न्यायालयों में दायर किये गये वाद की स्थिति से अवगत हुयी। साथ ही कार्यसूची के मद संख्या 2020/02.20 में लगाये गये संलग्नक के क्रमांक 56 के अब निस्तारित किये जाने की सूचना का अवलोकन किया गया।

**2020/02.21 विश्वविद्यालय परिसर में चल रहे विभिन्न श्रोतों से प्राप्त अनुदान के सापेक्ष चल रहे निर्माण कार्यो की अद्यावधिक (Uptodate) स्थिति एवं वित्तीय प्रगति आख्या की सूचना।**

प्रबन्ध बोर्ड विश्वविद्यालय परिसर में विभिन्न श्रोतों से चल रहे निर्माण कार्यो की अद्यावधिक स्थिति एवं प्रगति आख्या से अवगत हुयी तथा यह सुझाव दिया गया कि निर्माण कार्यो को त्वरित गति से पूर्ण करवाया जाय।

**2020/02.22 विश्वविद्यालय में कार्यरत कतिपय तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की परिवीक्षा अवधि संतोषजनक ढंग से पूर्ण होने के उपरान्त उन्हें स्थायी घोषित किये जाने के प्रस्ताव पर विचार एवं अनुमोदन।**

प्रबन्ध बोर्ड द्वारा ***संलग्नक-3*** में उल्लिखित तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को उनके सम्मुख उल्लिखित तिथियों से उन्हें स्थायी घोषित किये जाने के प्रस्ताव पर विचार कर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**2020/02.23 विश्वविद्यालय के नवनिर्मित स्टेडियम का नामकरण शहीद श्री बन्धू सिंह किये जाने की सूचना।**

प्रबन्ध बोर्ड विश्वविद्यालय में नवनिर्मित स्टेडियम का नामकरण शहीद श्री बन्धू सिंह स्टेडियम किये जाने की सूचना से अवगत हुयी तथा प्रसन्नता व्यक्त की गयी कि पूर्वान्चल के शहीद तथा विश्वविद्यालय क्षेत्र के जमींदार के नाम पर स्टेडियम का नामकरण हुआ। प्रबन्ध बोर्ड ने शहीद श्री बन्धू सिंह की प्रतिमा भी स्थापित करने का सुझाव दिया।



02/03/2020

**2020/02.23** **अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य मद**

प्रबन्ध बोर्ड द्वारा कुलपति प्रो0 श्री निवास सिंह के लगभग 3 वर्षों के कार्यकाल के दौरान विश्वविद्यालय में हुये प्रगतिशील कार्यों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये प्रो0 श्री निवास सिंह को इन उपलब्धियों हेतु आभार व्यक्त किया गया तथा सराहना की गयी।

बैठक अध्यक्ष के प्रति धन्यवाद ज्ञापनोपरान्त समाप्त हुयी।

02/03/2020

**( डा0 जीऊत सिंह )**
**सचिव**
**कुलसचिव, म0मो0मा0प्रौ0वि0, गोरखपुर**

**अनुमोदित**

02.03.2020

**( प्रो0 श्री निवास सिंह )**
**अध्यक्ष**
**कुलपति, म0मो0मा0प्रौ0वि0, गोरखपुर**

**मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर की वित्त समिति की दिनांक 02.03.2020 को विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयन्ती सभागार में प्रातः 10.30 बजे सम्पन्न हुई 2020/2 (अठ्रहवीं) बैठक की कार्यवृत्त।**

बैठक में उपस्थिति निम्नवत् रही :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 श्री निवास सिंह<br>कुलपति,<br>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर। | अध्यक्ष |
| 2. | श्री कृपाशंकर, संयुक्त सचिव, प्राविधिक शिक्षा, वराणसी<br>प्रतिनिधि प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग,<br>उ0प्र0 शासन, लखनऊ। | सदस्य |
| 3 | श्री आनन्द स्वरुप, अपर निदेशक कोषागार एवं पेशन गोरखपुर मण्डल, गोरखपुर। प्रतिनिधि प्रमुख सचिव (वित्त) वित्त विभाग, उत्तर प्रदेश, शासन लखनऊ। | सदस्य |
| 4. | प्रो0 राम अचल सिंह,<br>पूर्व कुलपति राम मनोहर लोहिया विश्वविद्यालय,<br>फैजाबाद। | सदस्य |
| 5. | प्रो0 राकेश कुमार,<br>अधिष्ठाता छात्र मामले,<br>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,<br>गोरखपुर। | सदस्य/विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 6. | डा0 जीऊत सिंह,<br>कुलसचिव,<br>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,<br>गोरखपुर। | सदस्य |
| 7. | प्रो0 डी0के0 द्विवेदी,<br>अधिष्ठाता शौक्षणिक मामले,<br>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,<br>गोरखपुर। | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 8. | प्रो0 गोविन्द पाण्डेय,<br>अधिष्ठाता अवस्थापना एवं नियोजन,<br>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर। | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 9. | प्रो0 डी0के0 सिंह,<br>अधिष्ठाता संकाय मामले, एवं विभागाध्यक्ष<br>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,<br>गोरखपुर। | विशेष आमंत्रित सदस्य |

F.C.

02/03/2020

10. प्रो0 एस0के0 सोनी, विशेष आमंत्रित सदस्य
अधिष्ठाता शोध एवं परामर्श,
मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
गोरखपुर।

11. प्रो0 के0जी0 उपाध्याय, विशेष आमंत्रित सदस्य
अधिष्ठाता, एल्यूमनाई एवं वाह्य मामले
मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
गोरखपुर।

12. श्री अमर सिंह, सदस्य/सचिव
वित्त नियंत्रक,
मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
गोरखपुर।

श्री आनन्द स्वरुप, अपर निदेशक कोषागार एवं पेशन गोरखपुर मण्डल, गोरखपुर प्रतिनिधि प्रमुख सचिव (वित्त) वित्त विभाग, उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ। अपरिहार्य कारणवश वैठक में उपस्थित नही रहे।

**वित्त समिति की अठ्रहवीं बैठक की कार्यवृत्त निम्नवत् है।**

18–01 **वित्त समिति की दिनांक 07.01.2020 को सम्पन्न हुई 2020/01(सत्रहवीं) बैठक की कार्यवृत्ति के पुष्टि का प्रस्ताव।**

समिति को अवगत कराया गया कि वित्त समिति की सत्रहवीं बैठक की कार्यवृत्त सभी सदस्यो को प्रेषित की गई थी, जिस पर मा0 सदस्यो द्वारा कोई आपत्ति दर्ज नही कराई गई। अतः समिति द्वारा प्रस्तुत विवरण के अवलोकनोपरान्त वित्त समिति की सत्रवहीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी।

18–02 **मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की वित्त समिति की 2020/1(सत्रहवीं) बैठक मे लिये गये निर्णयों पर कार्यन्वित का विवरण।**

समिति द्वारा वित्त समिति की सत्रहवीं बैठक मे लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही के विवरण का अवलोकन करते हुए पूर्व के स्वीकृति प्रस्तावों पर लिये गये निर्णयों का विस्तृत कार्यान्वित विवरण प्रस्तुत करने पर सहमति व्यक्त की गयी।

18–03 **विश्वविद्यालय में एक नई एम्बुलेन्स कय किये जाने का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा विश्वविद्यालय में नई एम्बुलेन्स कय करने के लिये वित्तीय वर्ष 2020–21 में नये शासनादेश के मानक के अनरुप BS-6 माडल का एम्बुलेन्स कय किये जाने पर होने वाला व्यय छात्रों से ली जा रही मेडिकल फीस में हो रही बचतों से किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

F.C.
07.03.2020

18–04 **आई0टी0आर0सी0 / सी0ए0 भवन विस्तार के निर्माण कार्य का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा चेयरमैन आई0टी0आर0सी / सी0ए0 भवन विस्तार के निर्माण कार्य के प्रस्ताव का अवलोकन कर रु. 154.28 लाख के व्यय का अनुमोदन प्रदान किया गया साथ ही उक्त प्रस्तावित कार्य हेतु कार्यदायी संस्था के रुप में यू0पी0आर0एन0एस0एस0, गोरखपुर को नामित किया गया। एम0बी0 उक्त कार्यदायी संस्था द्वारा प्रस्तुत किया जायेगा जिसका परीक्षण विश्वविद्यालय द्वारा किया जायेगा।

व्यय का वहन धन की उपलब्धता / आवश्यकता के अनुसार विश्वविद्यालय मद से किया जायेगा।

18–05 **विद्युत कण एवं दुर संचार अभियंत्रण विभाग भवन विस्तार निर्माण कार्य का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा विद्युत कण एवं दुर संचार अभियंत्रण विभाग भवन विस्तार निर्माण कार्य के प्रस्ताव का अवलोकन कर रु. 125.63 लाख के व्यय का अनुमोदन प्रदान किया गया साथ ही उक्त प्रस्तावित कार्य हेतु कार्यदायी संस्था के रुप में यू0पी0आर0एन0एस0एस0, गोरखपुर को नामित किया गया। एम0बी0 उक्त कार्यदायी संस्था द्वारा प्रस्तुत किया जायेगा जिसका परीक्षण विश्वविद्यालय द्वारा किया जायेगा।

व्यय का वहन धन की उपलब्धता / आवश्यकता के अनुसार विश्वविद्यालय मद से किया जायेगा।

18–06 **अम्बेडर भवन छात्रावास विस्तार के निर्माण कार्य का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा अम्बेडर भवन छात्रावास विस्तार के निर्माण कार्य के प्रस्ताव का अवलोकन कर रु. 157.90 लाख के व्यय का अनुमोदन प्रदान किया गया साथ ही उक्त प्रस्तावित कार्य हेतु कार्यदायी संस्था के रुप में यू0पी0आर0एन0एस0एस0, गोरखपुर को नामित किया गया।एम0बी0 उक्त कार्यदायी संस्था द्वारा प्रस्तुत किया जायेगा जिसका परीक्षण विश्वविद्यालय द्वारा किया जायेगा।

व्यय का वहन धन की उपलब्धता / आवश्यकता के अनुसार विश्वविद्यालय मद से किया जायेगा।

18–07 **यांत्रिक अभियंत्रण भवन विस्तार के निर्माण कार्य का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा अम्बेडर भवन छात्रावास विस्तार के निर्माण कार्य के प्रस्ताव का अवलोकन कर रु. 162.23 लाख के व्यय का अनुमोदन प्रदान किया गया साथ ही उक्त प्रस्तावित कार्य हेतु कार्यदायी संस्था के रुप में यू0पी0आर0एन0एस0एस0, गोरखपुर को नामित किया गया। एम0बी0 उक्त कार्यदायी संस्था द्वारा प्रस्तुत किया जायेगा जिसका परीक्षण विश्वविद्यालय द्वारा किया जायेगा।

व्यय का वहन धन की उपलब्धता के अनुसार विश्वविद्यालय मद से किया जायेगा।

F.C.

02/03/2020

18–08 **सेवाप्रदाता के माध्यम से उपलब्ध श्रेणी अतिकुशलकर्मी ग्रेड–ए एवं अतिकुशलकर्मी ग्रेड–बी के मानदेय बढ़ाये जाने के सम्बन्ध में।**

समिति द्वारा प्रस्ताव का अवलोकन कर सेवाप्रदाता फर्म के माध्यम से सेवा हेतु उपलब्ध श्रेणी अतिकुशलकर्मी ग्रेड–ए का पारिश्रमिक रु. 12000.00 से बढाकर रु. 14500.00 किये जाने के प्रस्ताव का अनुमोदन प्रदान किया गया।

समिति द्वारा प्रस्ताव का अवलोकन कर सेवाप्रदाता फर्म के माध्यम से सेवा हेतु उपलब्ध श्रेणी अतिकुशलकर्मी ग्रेड–बी का पारिश्रमिक रु.11000.00 से बढाकर रु. 13000.00 किये जाने के प्रस्ताव का अनुमोदन प्रदान किया गया।

साथ ही उक्त पारिश्रमिक की दरो पर प्रत्येक वर्ष तीन प्रतिशत वृद्वि किये जाने के प्रस्ताव का भी अनुमोदन प्रदान किया गया।

18–09 **विश्वविद्यालय में संबिदा वाहन चालक श्री मोहित यादव एवं सेवाप्रदाता फर्म के माध्यम से कार्यरत वाहन चालक का भी मासिक पारिश्रमिक वृद्वि का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा प्रस्ताव का अवलोकन कर संबिदा वाहन चालक श्री मोहित यादव जो कि माननीय कुलपति महोदय से सम्बद्व है जिसका का पारिश्रमिक रु. 15000.00 से 10 प्रतिशत की धनराशि बढाते हुए रु. 16500.00 प्रतिमाह पारिश्रमिक का भुगतान किये जाने का प्रस्ताव अनुमोदन प्रदान किया गया साथ ही यह निर्णय लिया गया कि उक्त वाहन चालक श्री मोहित यादव का E.P.F./E.S.I की कटौती किये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही की जाय।

सेवाप्रदाता फर्म माध्यम के माध्यम से कार्यरत वाहन चालको का पारिश्रमिक रु. 10000.00 से बढाकर ग्रेड–बी0 के अनरुप रु. 12000.00 किये जाने का प्रस्ताव का अनुमोदन प्रदान किया गया।

साथ ही उक्त पारिश्रमिक की दरो पर प्रत्येक वर्ष तीन प्रतिशत वृद्वि किये जाने के प्रस्ताव का भी अनुमोदन प्रदान किया गया।

**पूरक कार्यसूची : –**

18–10 **विश्वविद्यालय के एलुमनाई को विश्वविद्यालय मद से रु. 7.00 लाख का सहयोग के रुप में देने का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया कि एलुमनाई एसोसिएशन द्वारा इस मद में व्यय हेतु व्यय के पूर्व संक्षम स्तर पर अनुमोदन प्राप्त कर कार्यवाही की जाय। साथ ही आयोजन पर व्यय हुई अतिक्ति धनराशि रु. 3.00 लाख विश्वविद्यालय मद से दिये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया ।

02/03/2020

18–11 **<u>टेक्विप स्कीम के अर्न्तगत अब तक किये गये कुल Completed Purchase Rs. 45061364.36 तथा Purchase Under Process Rs. 32330240.99 के संशोधन कय के सूचनार्थ एवं अनुमोदन हेतु प्रस्ताव।</u>**

समिति द्वारा उक्त प्रस्ताव का अनुमोदन प्रदान किया गया।

अन्त. मे बैठक अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद ज्ञापनोपरान्त समाप्त हुई।

02.03.2020
(श्री अमर सिंह)
वित्त नियंत्रक
सदस्य/सचिव

अनुमोदित
02.03.2020
(प्रो0 श्रीनिवास सिंह)
कुलपति/अध्यक्ष

02/03/2020

दिनांक 02.03.2020 को पूर्वान्ह 10.00 बजे विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयन्ती सभागार में सम्पन्न "प्रबन्ध बोर्ड की शिकायत निवारण परामर्शदात्री उप समिति" की चतुर्थ बैठक की कार्यवृत्त।

बैठक में उपस्थिति निम्नवत रही:-

| | | |
|---|---|---|
| 01. प्रो0 श्री निवास सिंह<br>कुलपति,<br>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर। | : | अध्यक्ष |
| 1. प्रो0 राम अचल सिंह,<br>पूर्व कुलपति,<br>राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय,<br>फैजाबाद । | : | सदस्य |
| 3. प्रो0 जय प्रकाश लाल,<br>प्रोफेसर, इमेरिटस,<br>आनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन विभाग,<br>बी0 एच0 यू0, वाराणसी-221005 | : | सदस्य |
| 4. श्री अमर सिंह,<br>वित्त नियन्त्रक,<br>म0मो0मा0प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर | : | सदस्य |
| 5. प्रो0 जीऊत सिंह,<br>कुलसचिव | : | सदस्य/सचिव |

बैठक में सर्व सम्मति से निम्न निर्णय लिये गये :-

विश्वविद्यालय के शिक्षक श्री राम दुलार, सह आचार्य, जनपदीय अभियंत्रण विभाग के प्रकरण पर समिति द्वारा विचार किया गया। यह पाया गया कि श्री रामदुलार के प्रकरण पर विश्वविद्यालय द्वारा किसी जॉच समिति का गठन नहीं किया गया है एवं उनके विरूद्ध किये गये कार्यवाही का अनुमोदन प्रबन्ध बोर्ड से प्राप्त नहीं है। समिति ने Faculty/Staff Grievances Redressal Committee की रिपोर्ट का भी अवलोकन किया (संलग्न-1)।

उक्त के दृष्टिगत समिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त श्री राम दुलार को Consultancy कार्य किए जाने की अनुमति इस शर्त के साथ बहाल किए जाने की संस्तुति प्रदान की जाती है कि उनके द्वारा भविष्य में विश्वविद्यालय नियमानुसार अनुमति प्राप्त कर ही कन्सल्टेन्सी का कार्य किया जायेगा।

साथ ही, श्री राम दुलार के रोके गये दो वेतनवृद्धि के प्रकरण को निस्तारित करने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा एक समिति का गठन कर उसकी संस्तुतियों को आगामी प्रबन्ध बोर्ड की बैठक में रखे जाने की भी संस्तुति प्रदान की जाती है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 02/03/2020 | 02.03.2020 | | |
| (जीऊत सिंह)<br>सदस्यरु/सचिव | ( अमर सिंह )<br>सदस्य | (जय प्रकाश लाल)<br>सदस्य | (राम अचल सिंह)<br>सदस्य |

02.03.2020

(एस0 एन0 सिंह)
अध्यक्ष

02/03/2020

संलग्नक-3

## मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर

### परिवीक्षा अवधि (02 वर्ष) पूर्ण कर चुके "तृतीय श्रेणी" श्रेणी कर्मचारियों की सूची

| क्र0 सं0 | कर्मचारी का नाम | पदनाम | विभाग/अनुभाग | वर्तमान पद पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि | परिवीक्षा अवधि समाप्त होने की तिथि | स्थाईकरण की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | श्री शम्भूनाथ | कनिष्ठ सहायक | डीन, अवस्थापना एवं नियोजन | 06.12.2017 | 06.12.2019 | 06.12.2019 |
| 02 | श्री आनन्द प्रकाश पाण्डेय | प्रयोगशाला सहायक | परीक्षा अनुभाग | 06.12.2017 | 06.12.2019 | 06.12.2019 |
| 03 | श्री विजय कुमार श्रीवास्तव | प्रयोगशाला सहायक | डीन, शैक्षणिक मामले | 06.12.2017 | 06.12.2019 | 06.12.2019 |

उप-कुलसचिव

02/03/2020

मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर

परिवीक्षा अवधि (02 वर्ष) पूर्ण कर चुके "चतुर्थ श्रेणी" कर्मचारियों की सूची

| क्र0 सं0 | कर्मचारी का नाम | पदनाम | विभाग/अनुभाग | वर्तमान पद पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि | परिवीक्षा अवधि समाप्त होने की तिथि | स्थाईकरण की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | श्री राज कुमार यादव | प्रयोगशाला परिचारक | जनपदीय अभियंत्रण | 06.12.2017 | 06.12.2019 | 06.12.2019 |
| 02 | श्री रामजी शर्मा | बुक अटेन्डेन्ट | डीन, अवस्थापना एवं नियोजन | 06.12.2017 | 06.12.2019 | 06.12.2019 |
| 03 | श्री जगदीश | गेस्ट हाउस अटेन्डेन्ट | वाहन अनुभाग | 06.12.2017 | 06.12.2019 | 06.12.2019 |
| 04 | श्री मुन्ना | बस क्लीनर | वाहन अनुभाग | 06.12.2017 | 06.12.2019 | 06.12.2019 |
| 05 | श्री महेन्द्र यादव | चौकीदार | प्रभारी सुरक्षा | 06.12.2017 | 06.12.2019 | 06.12.2019 |
| 06 | श्री राधेश्याम | प्रयोगशाला परिचारक | मानविकी एवं प्रबन्ध विज्ञान विभाग | 06.12.2017 | 06.12.2019 | 06.12.2019 |
| 07 | श्री अनिल कुमार श्रीवास्तव | प्रयोगशाला परिचारक | निर्माण एवं रख-रखाव अनुभाग | 06.12.2017 | 06.12.2019 | 06.12.2019 |
| 08 | श्री अवनीश कुमार यादव | प्रयोगशाला परिचारक | कुलपति सचिवालय | 02.05.2016 | 02.05.2018 | 02.05.2018 |
| 09 | श्रीमती लालमनी | स्वच्छकार | उद्यान अनुभाग | 16.02.2015 | 16.02.2017 | 16.02.2017 |

17/2/2020

उप-कुलसचिव

02/03/2020